तापमान
अधिकतम 32.2 डिग्री
न्यूनतम 20.6 डिग्री

हरिभूमि
# महासमुंद भूमि
रायपुर, सोमवार 04 नवंबर 2024

8 नवरात्रि से दीपावली तक राज्य में 12 हजार करोड़...



8 ईसाई समुदाय ने कब्र पर मोमबत्ती जलाकर पूर्वजों को किया याद





## खबर संक्षेप

### एक्सीडेंट से मौत के मामले में जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** ग्राम बोईरडीह के पेट्रोल पंप के पास बीते महीने हुए एक्सीडेंट से मौत के मामले में मर्ग जांच के बाद बसना पुलिस ने आरोपी के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। पुलिस ने बताया कि 21 अक्टूबर को मृतक मिलन धुवल पिता आनंद धुवल (22 साल) प्यारीदादर, राजपुर अपनी मोटर सायकल क्र. सीजी 06 डी 3794 से रात करीब 7.30 बजे चनौरडीह से अपने घर ग्राम प्यारीदादर राजपुर जाने के लिए निकला था और अपने मोटर सायकल को तेज एवं लापरवाहीपूर्वक चलाकर स्वयं के द्वारा ग्राम बोईरडीह मेन रोड पेट्रोल पंप के पास मोड़ में एक्सीडेंट कर दिया, एक्सीडेंट से आई चोट के कारण इलाज के दौरान जगदीशपुर अस्पताल मिलन धुबल की मौत हो गई। मामले में धारा 106(1) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

### दो पक्षों के बीच मारपीट

**महासमुंद।** जिले के बसना थाना क्षेत्र में वार्ड 6 में दो पक्षों के बीच मारपीट की घटना हुई है। पुलिस ने दोनों ही मामलों में रिपोर्ट दर्ज किया है। पुलिस ने बताया कि प्रार्थिया रीना सेन 2 नवंबर की शाम करीबन 6 बजे घर के पास थी। उसके घर के सामने में छपरी बनाया गया है जिसे निकालने के लिए आरोपी डोमेंद्र रावटे पिता भुखु रावटे, राजकुमार यादव पिता रतिराम यादव, सूरज यादव पिता राजकुमार यादव, लखेश्वर नाग द्वारा कहा गया। जब छपरी निकालने से मनाया गया तो आरोपियों ने एक राय होकर महिला के साथ मारपीट शुरू कर दी। पुलिस ने मामले में रिपोर्ट पर आरोपियों के खिलाफ धारा 115(2), 296, 3(5) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया है। वहीं दूसरे पक्ष की रिपोर्ट के अनुसार पुलिस ने बताया कि वार्ड 6 के डोमेंद्र रावटे ने 2 नवंबर की शाम करीब 6 बजे मोहल्ले के दिलीप सेन से कहा कि घर के सामने जो खुंटा लगा है उसे निकाल दो क्योंकि आने-जाने में परेशानी होता है। लेकिन आरोपी दिलीप सेन एवं रीना सेन ने खुंटा को निकालने से मना करते हुए गाली गलौज करना शुरू कर दिया और बीच बचाव करने आए प्रार्थी के मितान लखेश्वर और उनकी बेटी नाव्या नाग के साथ भी मारपीट की गई। आरोपियों के खिलाफ धारा 115(2), 296, 3(5) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया है।



# छठ पूजा कल से, तालाब और घाट की नहीं हुई सफाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

दीपावली पर्व के बाद छठ पूजा का पर्व 5 नवंबर को नहाए खाए व्रत के साथ शुरु होने जा रहा है। इधर, शहर के मुख्य छठ घाट यानी महामाया तालाब में सफाई शुरु नहीं हो पाई है। पालिका सूत्रों की मानें तो अभी सफाई कर्मचारी राज्योत्सव की तैयारी में जुटे हैं। बता दें कि दुर्गा उत्सव के पश्चात तालाब में विसर्जित की गई प्रतिमाओं के अवशेषों को हटाया तो गया लेकिन, लगातार धार्मिक अनुष्ठान होने के चलते यहां पर विसर्जित की गई सामग्रियां अभी भी तालाब में नजर आ रहे हैं। इसके कारण आगामी दिनों में होने वाला छठ महापर्व पर लोगों को परेशानी पेश आएगी। पर्व की शुरुआत में दो दिन शेष रहते शहर के महामाया तालाब परिसर को हर साल की तरह इस बार भी छठ पूजा के लिए निर्धारित स्थान माना जा रहा है वहीं, अभी तक इसकी सफाई का कार्य पूरा होना तो दूर शुरु भी नही हो पाया है। बता दें कि यहां हर साल सैकड़ों परिवार पूजा पाठ और अर्ध्य देने पहुंचते हैं। ऐसे में घाट पर पसरी गंदगी लोगों के लिए परेशानी का कारण बनेगा।



### तैयारी शुरु

बाजार में गन्ना, केला, टोकरी, धूप, अगरबत्ती, चावल का आटा आदि की खरीददारी भी शुरू हो गई है। छठ पूजा की शुरुआत मंगलवार से होगी। बुधवार को खराना होगा और गुरुवार को छिपते सूरज को अर्ध्य दिया जाएगा।

### इस दिन यह होगा छठ पर्व में

| | | |
|---|---|---|
| 5 नवंबर | (मंगलवार) | नहाए खाए व्रत |
| 6 नवंबर | (बुधवार) | खरना |
| 7 नवंबर | (गुरुवार) | संध्या अर्ध्य |
| 8 नवंबर | (शुक्रवार) | प्रातः अर्ध्य के साथ |

**मांग:** महासमुंद में नहीं मिली अनुमति, धमतरी में होंगे शामिल

# समितियों के कर्मचारी आज से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

3 सूत्रीय मांगों को लेकर 4 नवंबर से अनिश्चितकालीन हड़ताल की पूर्व घोषणा के तहत प्रदेशभर की 2058 सहकारी समिति में कार्यरत तकरीबन 13 हजार कर्मचारियों आज से आंदोलन पर रहेंगे। इसके चलते आगामी दिनों में शुरु होने वाली धान खरीदी व्यवस्था प्रभावित हो सकती है। मिली जानकारी के अनुसार कर्मचारियों की मांग है कि मध्यप्रदेश की तर्ज पर छत्तीसगढ़ में भी प्रत्येक समिति को प्रति वर्ष 3-3 लाख रुपए प्रबंधकीय वेतन अनुदान राशि प्रदान करने, सेवानियम 2018 में आंशिक संशोधन करते हुए पुनरीक्षित वेतनमान लागू करने और समर्थन मूल्य पर धान खरीदी वर्ष 2023-24 में धान संग्रहण के बाद हुई संपूर्ण सूखत को मान्य करते आगामी वर्ष के लिए धान खरीदी नीति में 16.9 मे 3%फीसदी सूखत मान्य का प्रावधान किया जाए।

महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष नरेंद्र साहू एवं जिलाध्यक्ष जयप्रकाश साहू की मानेंतो छत्तीसगढ़ शासन द्वारा एक तरफ जहां प्रदेश की सहकारी समितियों में 14 नवंबर से धान खरीदी प्रारंभ करने की तिथि घोषित की गई है, वहीं दूसरी ओर विडंबना ये है कि पिछले साल की धान खरीदी का कमीशन अब तक नहीं मिला। बारदाना की राशि, ब्याज अनुदान की राशि अभी तक समितियों को प्राप्त नहीं हुई है। इसके कारण जिले के समितियों मे कर्मचारियों को वेतन की लाले पड़े है संघ के पदाधिकारियो का ये भी कहना है कि लंबित मांगों के संबंध में प्रदेश के मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री, वित्त मंत्री, खाद्य मंत्री सहित सहकारिता सचिव को ज्ञापन सौंपकर ध्यान आकर्षित करा चुके हैं, इसके बाद भी शासन प्रशासन द्वारा कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। धान खरीदी नीति का बनाई जा चुकी है, जिसमें 72 घंटे में धान उठाव का प्रावधान था, उसे हटा दिया गया है तथा धान खरीदी के एक माह बाद 31 मार्च तक परिवहन के लिए नीति बनाई गई है जो समिति के हित मे बिलकुल भी नहीं है।



### 18 अक्टूबर से चल आ रहा चरणबद्ध आंदोलन

18 अक्टूबर से 21 अक्टूबर तक 33 जिलों के सहकारी समितियों में काली पट्टी लगाकर किया काम, 21 व 22 अक्टूबर को 2 दिवसीय सामूहिक अवकाश लेकर जिला मुख्यालयों में धरना, मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन, 23 अक्टूबर से 3 नवंबर तक समिति मुख्यालय में भोजन अवकाश के बाद नारेबाजी व प्रदर्शन एवं 4 नवंबर से अनिश्चितकालीन आंदोलन रायपुर के तूता धरना स्थल पर प्रदर्शन की अनुमति नहीं मिली है।

महासंघ के पदाधिकारियों ने जनदर्शन में भी मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को मिलकर कहा गया कि धान खरीदी में सूखत नहीं तो धान खरीदी का बहिष्कार किया जाएगा, पर अभी तक इस दिशा में कोई भी पहल सरकार द्वारा नहीं की जाता दिख रहा है, जिसका आक्रोश प्रदेश के लगभग 13 हजार कर्मचारी समिति प्रबंधक, लिपकीय सहायक, लिपिक ऑपरेटर, विक्रेता, प्रोसेसरवर, चपरासी, चौकीदार में गहरा असंतोष व्याप्त है। इनके द्वारा लंबित मांग पूरी नहीं होने के कारण 4 नवंबर से सहकारी समितियों के कर्मचारी अनिश्चितकालीन आंदोलन पर चले जाएंगे। सहकारी समिति कर्मचारियों के हड़ताल से प्रदेश में समर्थन मूल्य मे धान की खरीदी, रबी फसल के ऋण वितरण, 60फीसदी उपभोक्ता उचित मूल्य की दुकानों से राशन वितरण प्रभावित होगा।

महासमुंद जिलाध्यक्ष जय प्रकाश साहू ने बताया कि धरना प्रदर्शन के लिए महासमुंद में भी अनुमति नहीं मिलने के कारण कर्मचारी अनुमति मिलते तक धमतरी में शामिल हो सकते है।

# कहीं रॉकेट घर में घुसा, तो कहीं खिचड़ी खिलाने को लेकर आपस में भिड़े लोग

**विभिन्न मुद्दों के लेकर आपस में उलझे लोग, दर्ज हुई एफआईआर**



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

दीपावली पर्व के दौरान पिछले कुछ दिनों में अपराध की घटनाएं जो सामने आई है वो भी त्यौहार और परंपराओं से जुड़े है। कहीं फटाखा चलाने तो कहीं गाय को खिचड़ी खिलाए जाने को लेकर दो पक्ष आपस में जा भिड़े और मामला थाना तक पहुंच गया। ऐसे ही मामलों को लेकर जिले के विभिन्न थानों में अपराध दर्ज किए गए हैं।

**केस-1**

### पटाखा फोड़ने को लेकर मारपीट

पटाखा फोड़ने से नाराज व्यक्ति ने एक युवक के साथ मारपीट कर दी। पुलिस ने बताया कि प्रार्थी हितेंद्र कुमार सोनी निवासी नीलकंठ चौक 1 नवंबर की रात करीब 10.30 बजे अपने दोस्त प्रिंस सोनी व वैभव सोनी के साथ राम मंदिर के पीछे कुर्मीपारा में राकेट फटाखा चला रहा था। वहीं पास में खड़े विजय चंद्राकर ने आकर प्रार्थी से कहा कि राकेट कैसे फोड़ रहा है, वह राकेट मेंरे घर तरफ आया है कहते हुए गालियां और जान से मारने की धमकी देने लगा और बेल्ट के बक्कल से प्रार्थी से मारपीट की। पुलिस ने मामले में आरोपी के खिलाफ 115(2), 296, 351(2)-बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया है।

**केस-2**

### गौरा चौरा के पास मारपीट, कुल्हाड़ी से वार

शहर के वार्ड 25 में गौरा-चौरा के पास एक युवक के साथ मारपीट की घटना में प्रार्थी भीष्मदेव ध्रुव निवासी सुभाष नगर ने कोतवाली पुलिस को बताया कि 2 नवंबर की रात करीब 1 बजे गौरा-गौरी पूजा की तैयारी चल रही थी, जहां प्रार्थी अपने साले धनेश्वर ध्रुव के पास खड़ा था। उसी समय मोहल्ले का सिद्धू सेंद्रे ने आकर प्रार्थी के साले धनेश्वर ध्रुव से कहा कि कहां से आया है और किसके घर आया है, जिस पर धनेश्वर ध्रुव कोई जवाब नहीं दिया, इसके बाद आरोपी सिद्धू सेंद्रे गाली गलौज करने लगा। प्रार्थी ने जब गाली क्यों दे रहा है कहा तब आरोपी ने उसके साथ कुल्हाड़ी से मारपीट करने लगा। पुलिस ने मामले में आरोपीके खिलाफ धारा 118(1), 296, 351(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया है।

**केस-3**

### महिला और उसके पति से मारपीट

गोवर्धन पूजा के दौरान गाय को खिचड़ी खिलाने की बात पर एक व्यक्ति ने महिला और उसके पति के साथ मारपीट कर दी। कोमाखान पुलिस को प्रार्थिया चैतीबाई पांडे निवासी लामीसरार ने बताया कि 2 नवंबर को गोवर्धन पूजा का त्यौहार होने से राउत लोग उसके घर में गाय-बछड़ा को खिचड़ी खिलाकर दूसरे घर जा रहे थे। उसी समय गांव के रोशन निषाद ने राउत लोगों को मेंरे घर में पहले खिचड़ी क्यों नहीं खिलाए कहते हुए गालियां देनी शुरूकर दी। जब महिला के पति नंदूराम पांडे ने आरोपी रोशन निषाद को गाली देने से मना किया तो उसने अपने घर से लकड़ी का पटनी लाकर नंदूराम पांडे से मारपीट किया। इस दौरान बीच बचाव करने पर प्रार्थिया को भी धक्का देकर गिरा दिया। मामले में आरोपी के खिलाफ धारा 115(2), 296, 351(2)बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

# चार दिन छुट्टी के बाद सरकारी दफ्तरों में आज से लौटेगी रौनक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद/सरायपाली

- दीपावली के बाद दफ्तरों के खुलते ही लोगों के अटके कामकाज में भी आएगी गति

दीपावली पर लक्ष्मी पूजा और राज्य स्थापना दिवस के लंबे चार दिवसीय अवकाश के बाद आज सोमवार से कलेक्टोरेट, तहसील सहित जिले के अन्य सभी सरकारी दफ्तरों में कर्मचारी और अधिकारी लौटेंगे। उम्मीद जताई जा रही है कि दफ्तरों के खुलते ही लोगों के अटके कामकाज में भी गति आएगी। हालांकि, माना जा रहा है कि जिले में मंगलवार को मनाए जाने वाले राज्योत्सव के चलते सोमवार मंगलवार को भी सरकारी महकमा इसकी तैयारियों में जुटा रहेगा। वही दूसरी और आम लोगों की भीड़ भी पहुंचने की संभावना कम है।

### अन्य राज्यों से लौटने में हो सकती है देरी

अधिकारी-कर्मचारियों की उपस्थिति भी कम देखने को मिल सकती है। बता दें कि कई अफसर या कर्मचारी त्यौहार मनाने दूसरे जिले या राज्य में अपने सगे-संबंधियों के यहां भी चले जाते हैं, जिनके वापस नहीं लौटने की स्थिति में मंगलवार से उनके काम पर लौटने की संभावना है।

# दीपोत्सव के बाद अब धान की कटाई पकड़ने लगी है जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नर्रा

क्षेत्र में दिवाली का पर्व मनाने के बाद अब धान की कटाई जोर पकड़ने लगा है। कुछ किसान हाथ से यानी हंसिया से कटाई तो बड़े किसान हार्वेस्टर से कटाई करा रहे है। ज्ञात हो कि जिन किसानों के पास मवेशी है, वही किसान पैरा के लिए हाथ से कटाई करते है। यदि देखा जाए तो हाथ से धान कटाई कराने में अधिक खर्च आता है। मजदूरी रेट 180 से 200 तक है। जैसे की धान की करपा एकात्रित कर खेत से कोठार में ले जाना। इसके पश्चात थ्रेसर से मिंजाई करवाना पड़ता है, वहीं हार्वेस्टर से कटाई कराने से लागत कम आती है। दिवाली पर्व मनाने के बाद हरुना किस्म के धान में हजार दस, सिल्की, मंजु गोल्ड के अलावा हाईब्रिड धान आदि की कटाई जोरों से चल रही है। सप्ताहभर में बड़े किस्म के धान लाल व सफेद सरना एक हजार एक जमुना संपदा सरना की कटाई शुरू होने की संभावना है। क्षेत्र में दिवाली के समय मौसम में उतार-चढ़ाव के चलते कुछ जगह हल्की बारिश भी हुई थी। इसके चलते अधिकांश किसानों को धान की कटाई कार्य रोकना पड़ा था। अब दिवाली त्यौहार के बाद फिर कटाई शुरू हो गई है।



# ट्रैक्टर और थ्रेसर मशीन में अज्ञात व्यक्ति ने लगा दी आग



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नर्रा

झिटकी गांव में अन्नकूट गोवर्धन पूजा यानी शनिवार की रात में ट्रैक्टर व थ्रेसर मशीन को अज्ञात व्यक्ति ने आग लगा दी। जिससे पीछे का टायर व थ्रेसर पूरी तरह से जलकर खाक हो गया है। कोमाखान थाना क्षेत्र के ग्राम झिटकी के किसान एन कुमार साहू ने बताया कि घर से लगे कोठार में ट्रैक्टर के साथ थ्रेसर मशीन रखा हुआ था। उन्होंने ये भी बताया कि ट्रैक्टर खरीदे लगभग चार से पांच माह हुआ है। रात में घर के दरवाजे बंद थे। आगे से सांकल लगाकर आग लगाया गया है। ऐसा माना जा रहा है कि आपसी रंजिश के चलते व चालाकी के साथ डीजल व पेट्रोल छिड़ककर जला दिया गया होगा। इस घटना में ट्रैक्टर के पीछे के दोनों टायर और इंजन और थ्रेसर के सामने के टायर जलकर खाक हो गए।

# कल मनाया जाएगा राज्योत्सव, कलेक्टर ने लिया तैयारियों का जायजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- राज्य स्थापना दिवस समारोह के मुख्य अतिथि होंगे प्रभारी मंत्री बघेल

दीपावली पर्व के चलते राज्य स्थापना दिवस का पर्व राज्योत्सव 5 नवंबर को स्थानीय मिनी स्टेडियम में मनाए जाने की तैयारी है। समारोह में खाद्य मंत्री एवं प्रभारी मंत्री दयालदास बघेल मुख्य अतिथि होंगे। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने रविवार सुबह स्थानीय मिनी स्टेडियम पहुंचकर तैयारियों का जायजा लेते हुए संबंधित जिला अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

प्रतिवर्षानुसार जिला मुख्यालय में कार्यक्रम स्थल पर विभिन्न विभागों की विशेष उपलब्धियों पर आधारित प्रदर्शनी लगायी जाएगी। जिसमें राज्य शासन की विभिन्न विभागों की महत्वपूर्ण योजनाओं एवं सफल परियोजनाओं का प्रदर्शन किया जाएगा।

राज्योत्सव में स्थानीय और राज्य की संस्कृतियों का सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से छटा बिखरेगी। कार्यक्रम में कवि सुरेन्द्र दुबे की कविताएं, महतारी लोककला मंच खरोरा द्वारा छत्तीसगढ़ की समृद्ध लोक संस्कृति को दर्शाएगी और अलंकार बैंड पार्टी का संगीतमयी कार्यक्रम की प्रस्तुति दी जाएगी। उन्होंने मंच सहित स्टॉल और बैठक व्यवस्था, पार्किंग आदि की तैयारी समय पूर्व करने कहा है।



### जिलाधिकारियों को दी गई है जिम्मेदारी

कलेक्टर लंगेह ने राज्योत्सव के सफल एवं सुव्यवस्थित तरीके से संपन्न करने के दृष्टिकोण से अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी महासमुंद रवि कुमार साहू राज्योत्सव के नोडल अधिकारी एवं एसडीएम महासमुंद हरिशंकर पैकरा सहायक नोडल अधिकारी होंगे। कार्यक्रम में पुलिस विभाग द्वारा सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था की जाएगी। इसी तरह वन विभाग को बेरिकेटिंग के लिए बांस बल्ली की व्यवस्था, मुख्य नगर पालिका अधिकारी को कार्यक्रम स्थल पर साफ सफाई, पेयजल, पानी टैंकर एवं शौचालय व्यवस्था की जिम्मेदारी सौंपी गई है। कृषि, मत्स्य, महिला बाल विकास, कृषि विज्ञान केंद्र एवं ग्रामीण यांत्रिक सेवा संभाग को कार्यक्रम स्थल पर विभिन्न विकास, उपलब्धियों, महत्वपूर्ण योजनाओं एवं सफल परियोजनाओं का प्रदर्शन करने कहा है। उद्यानिकी विभाग को मंच सजावट एवं फूल, बुके की व्यवस्था की जिम्मेदारी सौंपी गई है। मंच व्यवस्था, बैठक व्यवस्था, प्रदर्शनी के लिए पंडाल की व्यवस्था एनआरएलएम एवं लोक निर्माण विभाग द्वारा की जाएगी। इसी तरह पेयजल, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग एवं आपातकालीन चिकित्सा व्यवस्था स्वास्थ्य विभाग द्वारा की जाएगी।

पाठक सूचना
महासमुंद जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9981131365, 9098324969

## खबर संक्षेप



### शिक्षा की रोशनी से समाज को करें रोशन

रायपुर। दीपावली त्योहार पर उत्कल समाज द्वारा दीपावली मिलन जुहार भेंट का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या समाज के लोग शामिल हुए। इस मौके पर जनता कांग्रेस के मुख्य प्रवक्ता, सामाजिक नेता भगवानू नायक ने कहा, जरूरी नहीं रोशनी चिरागों से हो, शिक्षा से भी घर, परिवार और समाज रोशन होता है। मानव जीवन में शिक्षा का स्थान सर्वोपरि रहा है, जो मनुष्य की बुद्धि के विकास के साथ ही सुख, समृद्धि और खुशहाल जीवन का मार्ग प्रशस्त करता है। उन्होंने आगे कहा, ग़रीबी, बेरोजगारी, भेदभाव, उपेक्षा आदि तमाम चुनौतियों के बाद भी उत्कल समाज आज ईमानदारी के साथ मेहनत और संघर्ष करते हुए आगे बढ़ रहा है। साथ ही साथ राजधानी और प्रदेश के विकास में अपना अमूल्य योगदान दे रहा है। दीप पर्व के इस पावन अवसर पर हम सब मिलकर समाज को शिक्षित और संगठित करने का संकल्प लें, जिससे हमारा हर दिन दिवाली और होली हो, समाज हमारा रोशन और रंगीन हो। कार्यक्रम में नूरा सोना, प्रेमशीला निहाल, आरती तांडी, सावित्री तांडी, ममता बारीक, झिरेल महानंद, गायत्री तांडी, रुक्मिणी बारीक, शंकर तांडी, परशु तांडी, रतन सोना, सोमवारू नायक, चम्पा नायक, दिलीप बारीक, परस तांडी सहित बड़ी संख्या समाजजन उपस्थित थे।

### पूर्व मंत्री सत्यनारायण के सम्मान में 8 को समारोह

रायपुर। सक्रिय राजनीति से संन्यास ले चुके पूर्व मंत्री



सत्यनारायण शर्मा के सम्मान में 8 नवंबर को राजधानी में भव्य समारोह रखा गया है। इसमें सीएम विष्णुदेव साय, पूर्व सीएम भूपेश बघेल समेत देशभर से 100 प्रभावशाली ब्राह्मण शख्सियतें शिरकत करेंगी। साथ ही समाज के 55 से ज्यादा घटक भी यहां अपनी मौजूदगी दर्ज कराएंगे। लोकाभिनंदन समारोह से पहले फाउंडेशन द्वारा श्री शर्मा की भव्य स्वागत यात्रा निकाली जाएगी। अविभाजित मध्यप्रदेश के जमाने से क्षेत्र के कद्दावर नेता, पूर्व मंत्री श्री शर्मा ने सार्वजनिक जीवन के 50 साल पूरे कर लिए हैं। इस मौके पर विप्र फाउंडेशन (जोन 13) ने लोक अभिनंदन समारोह रखा है। यह कार्यक्रम नवा रायपुर में एयरपोर्ट के सामने जैनम मानस भवन में होगा। इसकी शुरुआत 8 नवंबर को शाम 6 बजे से होगी। इसमें विप्र फाउंडेशन के संस्थापक सुशील ओझा, राष्ट्रीय अध्यक्ष राधेश्याम शर्मा समेत समाज की कई बड़ी हस्तियां शामिल होंगी। सेवा को समर्पित श्री शर्मा के 50 बरस को यादगार बनाने के लिए देवपुरी में सत्यनारायण सेवाश्रम की नींव भी रखी जानी है। इसका भूमिपूजन अगले ही दिन यानी 9 नवंबर को देवपुरी में किया जाएगा। इस समारोह में भी सामाजिक और राजनीतिक क्षेत्र के बड़े दिग्गज शिरकत करेंगे।

# मल्टीलेवल पार्किंग के टॉप फ्लोर पर बनाएंगे आईटी टॉवर, संचालन के लिए एजेंसी तय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी के कलेक्टोरेट पार्किंग के ऊपरी तल पर बीपीओ सेंटर और को-वर्किंग सेंटर को मिलाते हुए एक हजार सीटर आईटी टॉवर बनाया जाएगा। इस टॉवर के बनने से स्टार्टअप में दिलचस्पी रखने वाले युवाओं को एक छत के नीचे अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका मिल सकेगा।

20 हजार वर्गफीट स्पेस में आईटी इनोवेशन टॉवर का इंफास्ट्रक्चर तैयार किया जाएगा। नगर निगम ने इस कार्य के लिए एजेंसी तय करने ऑनलाइन टेंडर किया है। सोमवार को टेंडर खोला जाएगा। वहीं इस प्रोजेक्ट के संचालन के लिए नगर निगम ने एजेंसी तय कर ओपन-वे जीआर टेक्नो एजेंसी को वर्कआर्डर जारी कर दिया है, चयनित एजेंसी 5 साल तक आईटी इनोवेशन



टॉवर का संचालन व संधारण कार्य करेगी। नगर निगम द्वारा तकनीकी क्षेत्र में खुद का रोजगार स्थापित करने के इच्छुक प्रदेश के नवउद्यमी युवाओं के लिए 1000 सीटर आईटी इनोवेशन टॉवर बनाया जाएगा। इस पर करीब डेढ़ करोड़ रुपए खर्च होंगे। इंफास्ट्रक्चर तैयार करने निगम ने ऑनलाइन टेंडर किया, 3 एजेंसियों ने निविदा भरने में रुचि दिखाई। इनमें से 2 कंपनियां रायपुर



और एक कंपनी राजनांदगांव की है। सोमवार को इसका टेंडर खोला जाएगा। अनुबंध की शर्त अनुसार पात्र एजेंसी को 3 माह की समयसीमा में इंफास्ट्रक्चर तैयार करना होगा।

### स्थानीय युवाओं मिलेगा स्पेस

प्रदेश ऐसे युवा, जो पढ़-लिखकर तकनीकी क्षेत्र में कॅरियर बनाना चाहते हैं, उन्हें हाईस्पीड जॉब के लिए शहर छोड़कर दूसरी जगह नहीं जाना पड़ेगा। शहर में उन्हें अपना हुनर दिखाने का मौका मिलेगा। इसके लिए इनोवेशन आईटी टॉवर बनाने की तैयारी है। विदित हो कि नगर निगम द्वारा इससे पूर्व जयस्तंभ चौक स्थित मल्टीलेवल पार्किंग के टॉप फ्लोर पर आरंभ नाम से स्टार्टअप एकेडमी की शुरुआत की जा चुकी है।

वर्जन

**तकनीकी क्षेत्र को मिलेगा बढ़ावा**

कलेक्टोरेट परिसर के समीप हाईटेक मल्टीलेवल पार्किंग के ऊपरी तल पर वातानुकूलित व सर्व सुविधायुक्त आईटी टॉवर बनाया जाएगा। इससे नवउद्यमी युवाओं को तकनीकी क्षेत्र में खुद का रोजगार स्थापित करने प्लेटफार्म मिलेगा।

**- अबिनाश मिश्रा**
आयुक्त, ननि रायपुर

# ज्वेलरी और फर्नीचर शॉप में भीषण आग, चपेट में आईं दो और दुकानें



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

दीपावली के दूसरे दिन शहर के पंडरी, टिकरापारा तथा कोतवाली थाना क्षेत्र में तीन अलग-अलग आगजनी की घटनाएं हुई हैं। आग लगने की वजह दीपावली के पटाखे तथा शार्ट सर्किट होने की आशंका है। बड़ी आगजनी की घटना पंडरी थाना क्षेत्र में हुई। पंडरी में संचालित एक सोने-चांदी की दुकान तथा फर्नीचर शॉप तथा उससे सटी दो अन्य दुकानों में आग लगने की वजह से लाखों का नुकसान होने की आशंका है। गोकुलनगर तथा कोतवाली थाना क्षेत्र में लगी आग पर फायर ब्रिगेड की टीम ने जल्द ही काबू पा लिया।

पुलिस के अनुसार, शुक्रवार देर रात 11 बजे पंडरी में नाकोड़ा ज्वेलर्स तथा ज्वेलरी शॉप से लगे शंकर फर्नीचर शोरूम में आगजनी की घटना हुई। शार्ट सर्किट की वजह से आग लगने की आशंका व्यक्त की जा रही है। फर्नीचर शोरूम ज्वेलरी शॉप से लगा हुआ है। फर्नीचर शोरूम तक आग फैलने की वजह से आग ने विकराल रूप धारण कर लिया।

**इन जगहों पर आगजनी की घटनाएं**

टिकरापारा थाना क्षेत्र के गोकुल नगर में शुक्रवार रात करीब साढ़े 10 बजे के एक घर के अंदर रखे पैरे की ढेर में आग लगने की घटना हुई। पैरे में आग लगने की वजह से आग ने पूरे घर को अपनी चपेट में ले लिया।



### आग पर काबू पाने तीन घंटे से ज्यादा मशक्कत

आग को काबू करने मौके पर फायर ब्रिगेड की चार गाड़ियां पहुंचीं। दुकान में लगा शटर तोड़ने फायर ब्रिगेड को परेशानी का सामना करना पड़ा। आग पर काबू पाने फायर ब्रिगेड की तीन घंटे से ज्यादा समय तक मशक्कत करनी पड़ी। आग पर काबू पाने के बाद सुबह तक दुकान में कूलिंग करने का काम फायर ब्रिगेड की टीम करती रही।

### आग की जद में दो और दुकानें

ज्वेलरी दुकान के बाद आग फर्नीचर शोरूम तथा उससे सटी दो दुकानों को चपेट में ले लिया। बताया जा रहा है, जिस फर्नीचर दुकान में आग लगी थी, वहां प्लास्टिक की कुर्सियां, लकड़ी के सामानों के अलावा गद्दे रखे हुए थे। इस वजह से आग तेजी से फैलने लगी। आग की लपटें काफी दूर तक दिखाई दे रही थीं।

### आग लगने की जानकारी मोबाइल से

ज्वेलरी शोरूम के संचालक ने अपनी दुकान की निगरानी के लिए सीसीटीवी कैमरा अपने मोबाइल में कनेक्ट किया हुआ है। रात 11 बजे मोबाइल पर ऑनलाइन कैमरा बंद हो गया। इससे घबराकर ज्वेलरी दुकान संचालक आनन-फानन में अपनी दुकान पहुंचा और शटर के अंदर झांककर देखा तो दुकान के अंदर से धुंआ उठ रहा थी। दुकान संचालक जब तक फायर ब्रिगेड को कॉल करता, तब तक आग ने विकराल रूप धारण कर लिया।

# सीएम साय बोले- कांग्रेस की नीति और नीयत उनके वादों की तरह ही नकली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा है, झूठ बोलने और झूठे वादे करने वाली कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने आज यह सच्चाई स्वीकार कर ही ली कि उनकी पार्टी द्वारा किए गए तमाम लोक-लुभावन वादे फर्जी होते हैं।



कांग्रेस की नीति और नीयत दोनों उसके वादों की तरह ही नकली होती हैं। पिछली कांग्रेस सरकार ने छत्तीसगढ़ में भी कोई वादा पूरा नहीं कर जनता के साथ विश्वासघात किया था। जनता ने काठ की उस हांडी को दुबारा नहीं चढ़ने दिया। कांग्रेस को प्रदेश की सत्ता से आउट कर दिया। कांग्रेस जहां भी होती है, वहां भरोसे का संकट पैदा कर देती है, विश्वास की हत्या करती है। जबकि भाजपा में 'मोदी गारंटी' का मतलब ही होता है, गारंटी पूरी होने की गारंटी है। हमारी भाजपा सरकार ने मात्र 10 महीने में मोदी की गारंटी के अनेक प्रमुख वादों को पूरा किया है। हमने जो कहा, उससे अधिक करने की कोशिश हमेशा की है।

### खड़गेजी ने ठगी को स्वीकारा

खड़गेजी ने कर्नाटक के संदर्भ में उतना ही गारंटी का वादा करें, जितना दे सकें वाला बयान देकर कांग्रेस के चरित्र को उजागर किया है। खड़गेजी ने कांग्रेस की ठगी को स्वीकार कर वस्तुस्थिति से देशवासियों को अवगत कराया है। खड़गेजी को अंतरात्मा की आवाज सुनते हुए परिवार विशेष का मोहरा बनने से अब इंकार कर देना चाहिए।

# बस्तर ओलंपिक का आगाज 5 से, डेढ़ लाख से ज्यादा रजिस्ट्रेशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने शनिवार को अपने निवास कार्यालय में बस्तर ओलंपिक 2024 के लोगो और मस्कट का अनावरण किया। उन्होंने बस्तर ओलंपिक के दो प्रचार वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। बस्तर क्षेत्र के युवाओं को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने, बस्तर की खेल प्रतिभाओं को सामने लाने और वहां की जनता का शासन से मजबूत संबंध स्थापित करने के उद्देश्य से 5 नवंबर से 10 दिसंबर तक बस्तर ओलंपिक का आयोजन किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर आयोजित वर्चुअल बैठक में बस्तर ओलंपिक की तैयारी की समीक्षा की। इस दौरान उप मुख्यमंत्री अरूण साव और विजय शर्मा, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री टंकराम वर्मा भी मौजूद रहे। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से खिलाड़ियों के रहने, भोजन, सुरक्षा और चिकित्सा की सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।




### शुभंकर में बस्तर की परंपरागत पहचान

तैयार किए गए प्रतीक चिन्ह के बायीं एव दायीं ओर बस्तर क्षेत्र के ख्यातिप्राप्त परंपरागत वाद्ययंत्र 'तुरही' को दर्शाया गया है। तुरही बस्तर क्षेत्र के मड़ई-मेलों में देवी-देवताओं के सम्मान में बजाई जाती है। गांव में सभी को सूचना देने भी इसका उपयोग किया जाता है। साथ ही क्षेत्र के खिलाड़ियों को ओलंपिक खेलों के प्रति प्रोत्साहित करने ओलंपिक खेल विधा तीरंदाजी, हॉकी, भारोत्तोलन, फुटबॉल एवं वालीबॉल के लघु चिन्ह को दर्शाया गया है। लोगो के नीचे की ओर बस्तर क्षेत्र में प्रचलित स्थानीय भाषा-बोली 'गोंडी' में 'करसाय ता बस्तर बरसाय ता बस्तर' स्लोगन लिखा गया है, जिसका हिंदी में अनुवाद 'खेलेगा बस्तर, बढ़ेगा बस्तर' होता है।

### 1.65 लाख ने कराया पंजीयन

बस्तर में खेल काफी लोकप्रिय हैं, यही कारण है कि ओलंपिक खेलों के लिए अपेक्षा से अधिक 1 लाख 65 हजार से अधिक लोगों ने अपना पंजीयन कराया है, जो यह दर्शाता है कि इस क्षेत्र के लोग भी शांति चाहते हैं और विकास की मुख्यधारा से जुड़ना चाहते हैं।

### वनभैंसा और पहाड़ी मैना बने शुभंकर

शुभंकर (मस्कट) बस्तर ओलंपिक 2024 के शुभंकर में 'वनभैंसा एवं पहाड़ी मैना' को मुख्य रूप से दर्शाया गया है। वनभैंसा राज्य का राजकीय पशु तथा पहाड़ी मैना राजकीय पक्षी है। यह शुभंकर वन्यजीव संरक्षण के उद्देश्य से तैयार किया गया है।

### समितियों का गठन

अधिकारियों ने बताया कि विकासखण्ड स्तर से लेकर संभाग स्तर पर आयोजन समितियों का गठन किया जा चुका है। सभी संबंधित विभागों ने नोडल अधिकारियों की नियुक्ति कर दी है। राजधानी से लेकर बस्तर संभाग मुख्यालय, जिला मुख्यालयों तथा विकासखण्डों में व्यापक प्रचार-प्रसार किया जा रहा है, ताकि बस्तर क्षेत्र के अधिक से अधिक युवा इसमें भाग ले सकें।

# कबीरपंथ के उदितमुनि पर हमले की निंदा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

बलौदाबाजार जिले में स्थित दामाखेड़ा में कबीरपंथ के सर्वोच्च धर्मगुरु प्रकाशमुनि साहेब के पुत्र उदयमुनि पर जानलेवा हमले की कांग्रेस ने कड़ी निंदा की है। कांग्रेस नेताओं के दल ने प्रदेश अध्यक्ष के नेतृत्व में दामाखेड़ा पहुंचकर गुरु प्रकाशमुनि से मुलाकात कर घटनाक्रम की जानकारी ली।

प्रदेश में शनिवार को कांग्रेस ने जिलास्तरीय धरना-प्रदर्शन में बीती रात कबीर आश्रम दामाखेड़ा पर वंशाचार्य उदितमुनि साहेब पर हमले को शामिल किया है। यह प्रदर्शन बलरामपुर की घटना और कानून व्यवस्था को लेकर किया जा रहा है। भाजपा सरकार में संत समाज व धार्मिक स्थल भी सुरक्षित नहीं होने का कांग्रेस पार्टी विरोध करेगी। नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने दामाखेड़ा की घटना पर रोष व्यक्त किया।

### अपराधियों के हौसले बुलंद : अमित

जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ जे के प्रदेश अध्यक्ष अमित जोगी ने कहा, छत्तीसगढ़ की कानून व्यवस्था बदहाल हो चुकी है। गृहमंत्री को स्वमेय ही अपना पद छोड़ देना चाहिए। भाजपा राज में आम जनता के साथ ही अब धार्मिक गुरु भी असुरक्षित हो गए हैं। उन पर हमले हो रहे हैं, जो चिंतनीय है। छत्तीसगढ़ में अपराधियों के हौसले बुलंद हो गए हैं।




## खेलो इंडिया के तहत केंद्र से मिलेगी राशि

# भैंसथान की जमीन पर अब इंडोर स्टेडियम का प्लान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

समता कॉलोनी स्थित नगर निगम की भैंसथान में खाली पड़ी जमीन पर सर्व सुविधायुक्त खेल मैदान बनाया जाएगा। इसके लिए नगर निगम मुख्यालय में 14 करोड़ का नया प्रस्ताव बनाया जा रहा है। खेल इंडिया के तहत केंद्र सरकार की ओर से यह राशि निगम को खेल मैदान विकसित करने दी जाएगी। इसके लिए इसी सप्ताह प्रस्ताव भेजा जाएगा। इसी तरह नगर निगम जोन-1 कमिश्नरी के भनपुरी क्षेत्र में बेस्ट प्राइज के पीछे वाले खाली मैदान पर खिलाड़ियों के लिए खेल स्टेडियम बनाने की योजना है। रायपुर नगर निगम सीमा क्षेत्र में खेल मैदान की कमी और खिलाड़ियों को बढ़ावा देने आने वाले दिनों में शहर में सर्व सुविधायुक्त खेल मैदान विकसित किया जाएगा।

केंद्र सरकार की खेलो इंडिया स्कीम के तहत इसके लिए नगर निगम के आधिपत्य वाली ऐसी जमीन पर खेल मैदान विकसित करने प्रस्ताव मंगाए गए हैं, जिस सरकारी जमीन पर किसी तरह का विवाद न हो। इसके लिए निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा की ओर से 10 जोन के कमिश्नरों से जानकारी मंगाई गई।

### नगर निगम को फूटी-कौड़ी खर्च करने की जरूरत नहीं, इंडोर गेम्स को मिलेगा बढ़ावा



**खेल स्टेडियम के लिए प्रस्ताव**

भैंसथान की जमीन पर खेलो इंडिया के तहत इंडोर खेल स्टेडियम बनाने 14 करोड़ का नया प्रस्ताव केंद्र की गाइडलाइन के हिसाब से बनाया जा रहा है, जिसे केंद्र के पास स्वीकृति के लिए भेजा जाएगा। इसमें नगर निगम का रत्तीभर भी खर्च नहीं आएगा।
**- राजेश राठौर,** अधीक्षण अभियंता, ननि रायपुर



## खबर संक्षेप



### खरोरा में मनाया अन्नकूट उत्सव

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा में कार्तिक मास की शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि को अन्नकूट उत्सव मनाया गया। इस बार यह शुभ तिथि 2 नवंबर को गोवर्धन पूजा अर्चना की गई। जिसमें संवेदना समूह खरोरा के सदस्य मुकेश चंद्राकर ने कहा कि गाय के गोबर से गोवर्धन महाराज की प्रतिमा बनाकर वृक्ष के पत्ते, शाखाएं और पुष्प से सुशोभित कर विधि-विधान से पूजा अर्चना की जाती है। शाम को उसमें एक दीपक रखकर घर के द्वार पर रखा जाता है, इस गोवर्धन पर लोगों ने गोबर के टीका लगाकर एक-दूसरे को शुभकामनाएं एवं बधाई दी गई।

### नवमीं व दसवीं की चेक लिस्ट का वितरण शुरू

**महासमुंद।** हाई स्कूल/हायर सेकंडरी द्वितीय मुख्य परीक्षा 2024 के अंकसूची एवं शैक्षणिक सत्र 2024-25 के कक्षा 9वीं व 10वीं के चेक लिस्ट का वितरण समन्वय संस्था स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी शासकीय आदर्श उच्चतर माध्यमिक विद्यालय महासमुंद में 25 अक्टूबर 2024 से किया जा रहा है। संबंधित विद्यालय के प्राचार्य/ शिक्षक विद्यालय में आकर अपनी संस्था का अंकसूची व चेक लिस्ट प्राप्त कर सकते हैं।

### अंचल में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया भाईदूज का पर्व

**दुर्गुकोंदल।** विकासखंड दुर्गुकोंदल अंतर्गत ब्लाक मुख्यालय सहित पूरे अंचल में भाईदूज का त्यौहार हर साल कार्तिक महीने के शुक्ल पक्ष की द्वितीया तिथि को मनाया जाता है व इसे यम द्वितीया भी कहते हैं। भाईदूज के अवसर पर दुर्गुकोंदल अंचल ने निवासरत बहनें अपने भाइयों को तिलक लगाकर, उनकी लंबी उम्र और खुशहाली की कामना की। यह त्यौहार भाई-बहन के अटूट रिश्ते का प्रतीक है। पूरे दिन बहनें अपने भाई का पूजन पूर्ण विधि विधान से किया व मुंह मीठा कराया। फिर इसके बाद भाई को नारियल और चावल दिया। इसके बाद भाई की आरती उतारकर उनके भाग्योदय और लंबी उम्र की कामना किया। भाइयों ने भी अपनी बहनों को उपहार देकर भाई बहन के अटूट रिश्ते को हर्षोल्लासपूर्वक मनाया।

### मछली पकड़ने नदी गए बालक की मिली लाश

**कांकेर।** परतापुर थानांतर्गत कोटरी नदी के किनारे एक बालक की लाश मिली। परतापुर निवासी 13 साल बालक रविकांत अरवास गांव में ही कोटरी नदी में मछली पकड़ने गया था। शाम तक जब बालक वापस नहीं आया तो परिजन उसकी तलाश में निकले। बालक की लाश नदी के पास पाई गई। मौत का कारण अज्ञात है। पुलिस मर्ग कायम कर मामले की जांच कर रही है।

## निधन

### शंकर लाल चंद्राकर



**महासमुंद।** रविवार को केशवा निवासी 85 वर्षीय सेवानिवृत शिक्षक शंकर लाल चंद्राकर का निधन हो गया। वे संजू कोचिंग संस्थान के संचालक संजू चंद्राकर के पिता व कुणाल और मृणाल चंद्राकर के दादा थे। उनका अंतिम संस्कार राजा मुक्तिधाम महासमुंद में किया गया।

## खरोरा में मनाया गया गोवर्धन पूजा पर्व




**महासमुंद।** खरोरा में धार्मिक रीति-रिवाज के साथ गोवर्धन भगवान की पूजा की गई। जिसमें मुख्य रूप से सरपंच सुनीता देवदत्त चंद्राकर, बैगा विष्णु देव शरण यादव, रूपेश सुदामा, प्रकाश यादव, लक्ष्मी यादव, पंच मनोज चंद्राकर, पंकज चंद्राकर, जितेंद्र चंद्राकर, विष्णु चंद्राकर, हेमेंद्र चंद्राकर, मेमन चंद्राकर, रामानंद धीवर, गौतम सतनामी, भीखम चंद्राकर, नीलू धीवर, हीरालाल धीवर, संदीप चंद्राकर आदि मौजूद रहे।

## विसर्जन



**नर्रा।** ग्राम गांजर में मां लक्ष्मी की पूजा कर रात्रि ईशर-गौरा की शोभायात्रा निकाली गई। इसके बाद गौरा चौरा में विराजित की गई। सुबह बैंड बाजे की गूंज के साथ ईशर राजा-माता गौरा का विसर्जन यात्रा गांव में निकाली गई। बाद तालाब में विसर्जित की गई। इस दौरान गांव के लोग बड़ी संख्या में शामिल हुए।

## भाई दूज के साथ दीपोत्सव का समापन



**महासमुंद।** ग्राम खरोरा में पांच दिवसीय दीपोत्सव का समापन भाई दूज का पर्व के साथ हुआ। इस दिन बहनों ने अपने भाइयों को तिलक लगाकर पूजा अर्चना की और उनकी लंबी उम्र व सुखी जीवन की कामना की। भाइयों ने भी बहनों को उपहार दिया। हर साल कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की द्वितीया तिथि पर भाई दूज का पर्व मनाया जाता है।

# बहनों ने उतारी भाइयों की आरती, माथे पर लगाया मंगल टीका

## भाईदूज पर्व पर बहन की सलामती व लंबी उम्र की कामना की


हरिभूमि न्यूज ⏭ बिरकोनी

ग्राम बिरकोनी में रविवार को भाई बहन के प्यार एवं रक्षा का पर्व भैया दूज पर्व धूमधाम से मनाया। सुबह से ही बहन भाई के लंबी उम्र की कामना के लिए पूजा अर्चना करते नजर आई। बहनों ने भाई के माथे पर चंदन लगाते हुए उनकी दीर्घायु की कामना की। परंपरा के अनुसार एक दूसरे को उपहार सामग्री प्रदान किया। क्षेत्र में भाईदूज को लेकर सुबह से उत्सव का माहौल रहा। घरों के आंगन में भाई बहन की घर आने जाने का सिलसिला देर रात



तक जारी रहा। इसके पश्चात दोपहर तक बहनों की भाई के घर आना जारी रहा। इस दौरान बहन ने भाई के हाथ पर पान का पत्ता एवं चंदन का तिलक हाथ में लगाकर भाई की लंबी उम्र की कामना की। दूसरी ओर भाइयों ने भी अपनी बहनों के हर सुख दुख में हमेशा साथ देने का वचन दिया। बहनों ने तिलक लगाकर भाई की सलामती की दुआ मांगी। वहीं भाइयों ने सुरक्षा का वचन दिया। बहन ने उपहार के रूप में नारियार भेंट की व मिठाई से मुंह मीठा कराया। स्वस्थ एवं दीर्घायु की कामना की।

## दिवाली पर तुषार ने निभाई सोंटा लेने की परंपरा



**महासमुंद।** भाजपा किसान नेता अशवंत तुषार साहू ने हर साल की तरह इस साल भी दिवाली के दूसरे दिन सोंटा खाते हुए परंपरा का निर्वहन किया और क्षेत्रवासियों की खुशहाली की कामना की। अछोली के आयोजित ग्रामवासियों द्वारा यह परंपरा कई वर्षों से मनाई जाती आ रही है।

## दीपावली मिलन समारोह में विधायक अग्रवाल हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बसना

नगर के अग्रसेन भवन में शनिवार की शाम दीपावली मिलन समारोह आयोजित किया गया। जिसमें विधायक डॉ. संपत अग्रवाल, नगर पंचायत बसना उपाध्यक्ष सुमित अग्रवाल सहित कई जनप्रतिनिधि बड़ी संख्या में शामिल हुए। और दीपक जलाकर पटाखें फोड़कर एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर दीपावली पर्व की शुभकामनाएं दी। विधायक डॉ. संपत अग्रवाल ने समारोह में मौजूद नागरिकों का अभिवादन किया और दीपावली की



हार्दिक शुभकामनाएं दीं। उन्होंने सभी के सुख-समृद्धि और खुशहाल भविष्य की कामना की। इस मौके पर उन्होंने कहा कि दीपावली अंधकार से प्रकाश की ओर जाने का प्रतीक है, और यह पर्व हमारे जीवन में नई आशा और उन्नति का संचार करता है। हमें यही सिखाता है कि चुनौतियों के बावजूद हम सभी एकजुट होकर आगे बढ़ें।

# धूमधाम से मनाया गया भाईदूज का पर्व

हरिभूमि न्यूज ⏭ बसना

आज देशभर में भाईदूज या यम द्वितिया का पर्व मनाया गया। इस दिन सौभाग्य योग, शोभन योग, लक्ष्मी नारायण योग समेत कई शुभ योग बनने से इस पर्व का महत्व भी बढ़ गया है। भाई-बहन के प्रेम का प्रतीक इस पर्व का बहनें पूरे साल इंतजार करती हैं और भाई को तिलक लगाती हैं। बहनें निर्जला उपवास रहकर भाई की लंबी उम्र और तरक्की की कामना करती हैं। कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की



द्वितीया तिथि को हर वर्ष भाई दूज का पर्व मनाया जाता है और इस बार यह शुभ तिथि 3 नवंबर थी। भाई-बहन के प्रेम के प्रतीक इस पर्व को यम-द्वितीया भी कहते हैं और इसी त्योहार के साथ पांच दिवसीय दीपोत्सव का समापन हो जाएगा। भाई दूज के दिन बहनें भाइयों को रोली और अक्षत लगाकर उनकी तरक्की और लंबी उम्र की कामना करती हैं। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार इस तिथि को यमुना माई ने अपने भाई यमराज को घर पर आमंत्रित किया और स्वागत सत्कार टीका लगाया था, तभी से हर वर्ष यम द्वितीया पर्व मनाया जाता है।

# स्वीगी इंस्टामार्ट और फार्मईज़ी की संभावित साझेदारी पर एआईओसीडी ने ड्रग कंट्रोलर को पत्र लिखकर जताई चिंता

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

ऑल इंडिया ऑर्गेनाइजेशन ऑफ केमिस्ट्स एंड ड्रगिस्ट्स (एआईओसीडी) के 12.40 लाख सदस्यों ने हाल ही में स्वीगी, इंस्टामार्ट और फार्मईज़ी के बीच डार्क स्टोर्स के माध्यम से 10 मिनट में दवाइयां वितरित करने के लिए हो रही कथित साझेदारी को लेकर गहरी चिंता व्यक्त की हैं। एआईओसीडी ने भारत के डीसीजीआई को एक पत्र लिखकर कहा है कि यह कदम भारतीय कानून के तहत निर्धारित मानकों के खिलाफ है और इससे स्वास्थ्य एवं सुरक्षा से जुड़े कई गंभीर खतरे पैदा हो सकते हैं। इसकी संभावित गंभीरता की जानकारी देते हुए एआईओसीडी के अध्यक्ष जे एस शिंदे और महासचिव राजीव सिंघल ने बताया कि हमारी अनेक मुख्य चिंताएं हैं, जिसे हमने सीडीएससीओ के समक्ष रखा है। इसमें कानूनों का उल्लंघन भारत में दवाओं के वितरण के लिए कड़े नियम बने हुए हैं जो रोगी सुरक्षा सुनिश्चित करते हैं। इस साझेदारी में उचित पर्चे की जांच और रोगी की पहचान जैसे महत्वपूर्ण.मानकों की अनदेखी की आशंका है, जिससे आम नागरिकों के स्वास्थ्य को खतरा हो सकता है। एंटी माइक्रोबियल प्रतिरोध को लेकर सरकार द्वारा इसके खतरे से निपटने के लिए किए जा रहे प्रयासों के बावजूद, ई.फार्मेसी के अनियंत्रित संचालन से इस समस्या में और वृद्धि होने का डर है। इस प्रकार की साझेदारियां एएमआर से लड़ने के प्रयासों को कमजोर करती हैं। फार्मईज़ी, जो स्वयं विनियामक उल्लंघनों के कारण कई कानूनी मामलों में उलझा हुआ है, के साथ इस तरह की साझेदारी स्वीगी के लिए भी कानूनी और विनियामक जोखिम बढ़ा सकती है। अल्ट्राफास्ट डिलीवरी मॉडल के चलते एक्सपायर या नकली दवाइयों की संभावना बढ़ सकती है, जो रोगी सुरक्षा के लिए हानिकारक है। इस प्रकार के मॉडल में आवश्यक गुणवत्ता मानकों का पालन संभव नहीं हो पाता। एआईओसीडी का मानना है कि ऐसी साझेदारियां न केवल कानूनी रूप से, बल्कि जनता के स्वास्थ्य और सुरक्षा की दृष्टि से भी चिंता का विषय हैं। संस्था ने सरकार से अपील की है कि इन मुद्दों की गहनता से समीक्षा करें और सभी आवश्यक कदम उठाएं। ताकि देश के नागरिकों को सुरक्षित और विश्वसनीय स्वास्थ्य सेवाएं प्राप्त हो सकें। एआईओसीडी पारंपरिक केमिस्टों की भूमिका को बरकरार रखने के लिए प्रतिबद्ध है और जनता की सुरक्षा के लिए किसी भी संभावित खतरे का विरोध करता रहेगा। उक्त की जानकारी जिला दवा विक्रेता संघ के सचिव अरशी अनवर ने दी है।

# बिरकोनी में बालिकाओं ने बनाई आकर्षक रंगोली



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिरकोनी

ग्राम बिरकोनी सहित अंचल में कृष्ण पूजा उत्सव घर व मंदिर में संपन्न हुआ। वही आंगन में कार्तिक शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि को धन वैभव, समृद्धि के लिए गोवर्धन पूजा के उपलक्ष्य में कृष्णा व राम की रंगोली की छवि बनाकर गोवर्धन पर्वत की पूजा अर्चना की और धन वैभव समृद्धि व खुशहाली के लिए प्रार्थना की। जगह-जगह श्रीराम की छवि को रंगों के माध्यम से उकेरा गया, जो आंगन में आकर्षण का केंद्र रहा।



## प्राइवेट विद्यार्थियों के लिए प्रथम आंतरिक मूल्यांकन परीक्षा आज से

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अनुसुइया अग्रवाल ने जानकारी दी की स्वाध्यायी विद्यार्थी नीति 2024 के तहत विश्वविद्यालय के आदेशानुसार प्राइवेट विद्यार्थियों के लिए आंतरिक मूल्यांकन परीक्षा की समय सारणी घोषित कर दी गई है। बीए, बीकॉम, बीएससी प्रथम सेमेस्टर के ऐसे विद्यार्थी जिन्होंने महाप्रभु वल्लभाचार्य महाविद्यालय को परीक्षा केंद्र के रूप में चयनित किया है उन्हें व्हाट्सएप ग्रुप में भी समय सारणी एवं पाठ्यक्रम की जानकारी प्रदान कर दी गई है। महाविद्यालय द्वारा घोषित आंतरिक मूल्यांकन समय सारणी के अनुसार बीए प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा 4 नवंबर से 9 नवंबर तक, बीएससी प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा 5 नवंबर से 9 नवंबर तक एवं बी कॉम प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा 5 नवंबर से 11 नवंबर तक आयोजित है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के संयोजक डॉ. ईपी चेलक एवं सहसंयोजक डॉ. रीता पांडेय ने बताया कि प्राइवेट विद्यार्थियों को प्रथम आंतरिक मूल्यांकन परीक्षा में सम्मिलित होना अनिवार्य है। आंतरिक मूल्यांकन एवं असाइनमेंट के अंक मुख्य परीक्षा के प्राप्तांक में जोड़े जाएंगे। ऐसे में सभी विद्यार्थी अनिवार्य रूप से आंतरिक मूल्यांकन परीक्षा दिलाना सुनिश्चित करें।

## भतकुंदा में विधायक ने किया सीसी रोड का भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सांकरा

बसना विधानसभा के ग्राम भतकुंदा घुरवा घर से मुख्य सड़क तक 10 लाख रुपए लागत से बने वाले 272 मीटर सीसी रोड निर्माण कार्य का बसना विधानसभा के विधायक डॉ संपत अग्रवाल ने विधिवत पूजा अर्चन कर भूमिपूजन किया और रंगमंच निर्माण कार्य के लिए 2 लाख रुपए की घोषणा की।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक अग्रवाल ने कहा कि सीसी रोड का निर्माण होने से सभी नागरिकों को आने जाने में सुविधा मिलेगी एवं रंगमंच बनने से अनेक कार्यक्रम का आयोजन होगा। इस दौरान सभी ग्रामवासियों को विधायक ने दिवाली एवं गोवर्धन पूजा की शुभकामनाएं दी।



कार्यक्रम में मुख्य रूप से नगर पंचायत उपाध्यक्ष सुमित अग्रवाल, ग्राम पंचायत भतकुंदा सरपंच, विधायक प्रतिनिधि सोनू छाबड़ा, अरविंद मिश्रा, जनपद सभापति सोहन पटेल, मरार समाज के प्रमुख प्रहलाद पटेल, भाजपा मंडल पिरदा के महामंत्री राजकुमार पटेल, त्रिलोचन भोई, संजय भाई, शोभाराम टांडी, विमला बेहरा, अश्विनी प्रधान, दिव्य कुमार भोई, गोपाल गढ़तिया, संपत पटेल सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# क्षेत्र में धूमधाम से मनाया दीपों का महापर्व, घर में पूजा के बाद पहुंचे मंदिर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरायपाली

धन की देवी मां लक्ष्मी की आस्था में घर-आंगन भी रंगीन लाइटों से रोशन हुए। लोगों ने लक्ष्मी का स्वागत दीपों की श्रृंखला सजाते हुए की। इसके बाद लोग आस-पास के मंदिरों और मठों में आस्था का दीप जलाने पहुंचे। ईशर-गौरा का विवाह रचाने के लिए भक्तों ने रतजगा किया। सुख-समृद्धि के लिए जगह-जगह अन्नकूट पूजा की गई। इसके बाद नम आंखों से विदाई देते हुए माता गौरी से आशीष लेने महिलाएं दंडवत हुई। दीपोत्सव की धूम इस बार भी अंचल में रही। जहां भक्तों ने जाराध्य देव के दरबार में दीयों की श्रृंखला सजाई, वहीं उत्सव की घड़ी में पटाखों की गूंज रही। इससे पहले मंदिर को रंगीब लाइटों से सजाया गया था। मंदिर में इस बार भी भक्तों की भीड़ रही। कुछ इसी तरह का नजारा मां घंटेश्वरी मंदिर, दुर्गा मंदिर, गायत्री मंदिर के साथ सभी मंदिरों में देखने को मिली। श्रीश्याम खाटू मंदिर अर्जुडा में भी भक्त आस्था के दीप जलाने के लिए परिवार के साथ पहुंचे।



### बहन यमुना व यमराज का पर्व

हर साल की तरह भाईदूज को लेकर बहनों ने पौराणिक मान्यता है कि बहन यमुना ने इस दिन अपने भाई यमराज की लंबी आयु के लिए व्रत किया था और उन्हें अन्नकूट का भोजन खिलाया था। कथा के अनुसार यम देवता ने अपनी बहन को इसी दिन दर्शन दिया था। यमराज की बहन यमुना अपने भाई से मिलने के लिए अत्यधिक व्याकुल थी। अपने भाई का दर्शन पाकर यमुना बेहद प्रसन्न हुई थी। यह परंपरा रविवार आज प्रेम के प्रतीक स्वरूप मनाया गया।

### लक्ष्मी नारायण मंदिर में गोवर्धन पूजा

मेंन रोड स्थित लक्ष्मी नारायण मंदिर में अन्नकूट गोवर्धन पूजा परंपरागत रूप से किया गया। सबसे पहले गौ माता के गोबर से निर्मित गोदार्धन पर्वत की विधिवत पूजा अर्चना की। इसके बाद भगवान की आरती की गई। 156 प्रकार के व्यंजन का भोग अर्पित किया गया। इसके बाद भक्तों को प्रसाद वितरण किया गया।

